inext
www.inextlive.com आई नेक्स्ट
Bareilly, Agra, Allahabad, Dehradun, Gorakhpur, Indore, Jamshedpur, Kanpur, Lucknow, Meerut, Patna, Ranchi and Varanasi Vol 7, Iss.
Bareilly Wednesday 13 July 2016

प्रोग्राम में फैकल्टी का बढ़ाया ज्ञान

एसआरएमएस में पांच दिवसीय प्रोग्राम हुआ स्टार्ट

प्रोग्राम में विचार व्यक्त करते वक्ता.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (12 July): श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया. नेटवर्क सिम्युलेटर-2 विषय पर होने वाले इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन चेयरमैन देवमूर्ति ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया. उन्होंने एक अच्छा शिक्षक बनने की प्रेरणा दी. इसके बाद ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आने वाली जटिल समस्याओं एवं उनके समाधान में नेटवर्क सिम्युलेटर-2 की उपयोगिता के बारे में बताया. जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से आए कार्यक्रम के चीफ गेस्ट प्रो. डीके लोबियाल ने कम्प्यूटर नेटवर्क के शोध क्षेत्र में प्रयोग होने वाले सिम्युलेशन टूल नेटवर्क सिम्युलेटर-2 की विशेषताओं एवं इसकी उपयोगिताओं के बारे में जानकारी दी.